निबंधन एवं शर्तें

लीड कन्सलटैंट- -एस.एन.ए प्रभाग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। यह पद एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा आधार पर है। संविदा की अवधि आवश्यकता अनुसार और उम्मीदवार के संतोषजनक कार्य निष्पादन मूल्यांकन के आधार पर समय-समय पर विस्तारित की जा सकती है।

भूमिका एवं कार्य दायित्व

- मास मीडिया अभियानों के लिए मीडिया योजनाओं का विकास करना और बीओसी/डीएवीपी के मापदंडों तथा अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु उनसे समन्वय करना।
- संचार अभियानों के लिए विशिष्ट अनुरोध के अनुसार विकसित की जाने वाली सामग्रियों के उपयुक्त मिक्स पर सलाह देना तथा उनके लिए प्रोटोटाइप/आर्टवर्क सृजित करना।
- संचार सामग्रियों के विकास/संशोधन/अनुकूलन के विकास मार्गदर्शन हेतु उपलब्ध रचनात्मक अनुसंसाधन की समीक्षा करना।
- संबंधित अभियानों के लिए संचार सामग्रियों में शामिल किए जाने के लिए आवश्यक मुख्य संदेशों का रचनात्मक विकास अभिनिर्धारित एवं प्रारंभ करना।
- विकास भागीदारों के आईईसी/बी.सी.सी. कार्यकलापों की समीक्षा आयोजित करना।
- फेसबुक, यूट्यूब, ट्विटर आदि जैसे सोशल मीडिया के लिए उपयुक्त रचनात्मक ग्राफिक्स और कंटेंट के विकास में समन्वय करना।
- विशेष रूप से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संबंधित सोशल मीडिया मंचों पर कार्यक्रम सूचनाओं का नियमित और समय पर अद्यतनीकरण सुनिश्चित करना।
- निम्नलिखित के विकास में समन्वय करना:-
  क. वार्षिक रिपोर्ट
  ख. इ-बुक
  ग. न्यूज़लेटर
  घ. रिपोर्टें

- प्रेस विज्ञप्तियों के आयोजन हेतु प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ समन्वय करना।
- प्रेस विज्ञप्तियां तैयार तथा प्रचारित-प्रसारित करना।
- यदि आवश्यकता हो तो संचार अभियानों/सामग्रियों के विकास के लिए अनुबंधित एजेंसियों के कार्य का का प्रबंधन तथा देखरेख करना। इसमें रचनात्मक समग्री विकास/संशोधन, ग्राफिक डिजाइन, और लेआउट से संबंधित पहलुओं पर मार्गदर्शन करना और देखरेख करना शामिल है।
- आईईसी/बी.सी.सी. रिपोजिटरी को ऑनलाइन और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय की संबंधित एजेंसियों के समन्वय में उपलब्ध कराना।
- प्रदर्शनियों और व्यापार मेलों, सूरज कुंड मेला आदि जैसे मेलों में आई.ई.सी. के कार्यकलापों का आयोजन करने में सहायता करना।
- राज्य आई.सी.सी./बी सी सी कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईबी) का विकास करने हेतु दिशा-निर्देशों का और राज्य द्वारा प्रस्तुत पीआईपी के मूल्यांकन के लिए प्रारूप का विकास करना।
- प्रारंभ किए गए साक्ष्य (डेटा) आधारित तर्कसंगत, पृष्ठभूमि कार्य, नवप्रवर्तन, बजट वितरण आदि को ध्यान में रखते हुए आईईसी/बी.सी.सी. के कार्यकलापों को दर्शाने वाले घटकों के लिए औचित्य पर तकनीकी निरीक्षण उपलब्ध करना और एन.एच.एम. पीआईपी के संबंध में संबंधित राज्य आई ई सी नोडल अधिकारी/ परामर्शदाताओं के परामर्श से इसे उपयुक्त अनुशंसाओं से पूरा करना।
- राज्य से अनुमोदन या अधिक स्पष्टीकरण प्राप्त करने, जो भी मामला हो, पर आगे की कार्यवाई हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एस.एन.ए./एन.एच.एम. प्रभाव को अनुशंसाएं करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में आरसीएच और एसएनए प्रभाग में विभिन्न कार्यक्रम अनुभवों (मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, किशोर स्वास्थ्य, तथा आर बी एस के) के साथ समन्वय करना और सभी संबंधित विभागों में संचार घटकों की राज्यों की उपयुक्त झलक हेतु राज्यों द्वारा प्रस्तुत सभी पी.आई.पी. की समीक्षा करना और बाद में राज्य आईईसी/बी.सी.सी. पी.आई.पी. के अनुमोदन में सहायता करना।
-

पात्रता:

- संचार में स्नातक डिग्री और किसी प्रतिष्ठित तथा मान्यताप्राप्त संस्था से जनसंचार या जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर डिग्री।
- सार्वजनिक क्षेत्र में संचार में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्य अनुभव राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर मीडिया एककों में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरियता दी जाएगी।

- सोशल मीडिया मंच के प्राथमिकता वाले कार्यकलापों सहित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के हाल के आईईसी कार्यकलापों से सुपरिचित हो।
- अत्यधिक मांग वाले माहौल में कार्य करने, शिक्षा जगत, बहु-भागीदारों से संपर्क करने की क्षमता हो।
- संबंधित डेटा और प्रलेख खोजने के लिए एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट और वेब सर्फिंग जैसे आम रूप से प्रयुक्त होने वाले पैकेजों का उच्च स्तर का ज्ञान होने के साथ कंप्यूटर में दक्षता हो।
- अंग्रेजी तथा हिंदी में उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुत कौशल, विश्लेषण और अंतर वैज्ञानिक क्षमता, उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल।
- यदि आवश्यकता पड़े तो देर तक और सप्ताहांत में कार्य करने के इच्छुक हों।

आयु: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 40 वर्ष
पारिश्रमिक सीमा: योग्यता और अनुभव के अनुरूप 1,30,000-1,70,000/-रू.
कार्य का स्थान: नई दिल्ली ।
रिपोर्टिंग अधिकारी: संयुक्त सचिव (एस.एन.ए.)

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **5-Jun-2020** तक rch.recruitment@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।